आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट






बर्ष :13 अंक :393 पृष्ठ -4 दिनांक 04 फरवरी 2025 दिन मंगलवार

## अखिलेश यादव फ्रस्टेट हो गए हैं भगदड़ पर सियासत के बीच महंत राजूदास का बड़ा बयान

# महाकुंभ में भगदड़ से हुए हादसे के बाद अब सियासी बयानबाजी जारी

महाकुंभ में बीते दिनों हुई भगदड़ के बाद से जमकर सियासत हो रही है. विपक्ष योगी सरकार और प्रशासन पर मौत के आंकड़े गलत बताने का आरोप लगा रहा है. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लगातार ये मुद्दे उठा रहे हैं. इस बीच निर्वाणी अनी अखाड़े के महंत राजू दास ने अखिलेश यादव पर जुबानी हमला किया है. अमृत स्नान के मौके पर निर्वाणी अनी अखाड़े के श्री महंत राजू दास ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव महाकुंभ को लेकर जिस तरह बयान बाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि वह पूरी तरह से फ्रस्ट्रेड हो गए हैं. महंत राजू दास के मुताबिक मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ में किसी बड़ी साजिश की आशंका से कतई इनकार नहीं किया जा सकता.महाकुंभ भगदड़ घटना पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, ष्जो प्रशासनिक लापरवाही हुई. जिसकी वजह से ये



घटना घटी. जो वहां पर उपस्थित थे उन लोगों का कहना है कि हजारों लोगों की मौत हुई है. गंभीर लापरवाही लेकिन अभी तक किसी अधिकारी के खिलाफ या किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है और हम लोग यहां पर आवाज उठाना चाहते हैं तो हमारी नो. टिस पर कोई सुनवाई नहीं होती है. ष्असलानंद गिरी महाराज ने कहा, ष्व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं, और मैं सभी लोगों के लिए शुभकामनाएं देता हूं. मुझे बहुत खुशी है कि युवा पीढ़ी अब वह स्वीकार कर रही है जो हम सिखाते रहे हैं. चेतना गिरि ने कहा, ष्आज मैं वसंत पंचमी का पावन अवसर मना रही हूं. यह अमृत स्नान है

**गंगा और यमुना के पवित्र संगम में हम विभिन्न अखाड़ों के सदस्य एक साथ आएं.ष्महामंडलेश्वर संतोष बाबा उर्फ सतुआ बाबा ने कहा, यह अमृत स्नान निस्संदेह प्रकाश, चमक और समृद्धि का स्रोत है. ऐसा लगता है कि यह स्नान जीवन में आनंद, प्रकाश और समृद्धि लाएगा. वसंत पंचमी के अवसर पर मैं पूरे देश के लिए सुख और समृद्धि की कामना करता हूं.**

## महाकुंभ की आलोचना करने वालों पर भड़का संत समाज, बोले सतुआ बाबा- अखिलेश जी, अफवाहें मत फैलाइए

महाकुंभनगर। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के साथ ही संत और महात्माओं ने महाकुंभ की आलोचना करने वालों को माकूल जवाब भी दिया। उन्होंनेमुख्यमंत्री योगी की व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की तारीफ करते हुए विपक्षी दलों को आईना भी दिखाया।पंच निर्मोही अनी अखाड़ा के जगतगुरु महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा महाराज ने कहा, "जो लोग साधु और महाकुंभ के बारे में बातें कर रहे हैं, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि (सपा प्रमुख) अखिलेश यादव जी, आपने कभी सनातन का पालन नहीं किया और न ही सनातन का सम्मान किया। तो अब इसका फायदा मत उठाइए। हमने देखा है जब आपकी पार्टी सत्ता में थी, आपने सनातनियों पर गोलियां चलाई थीं। अपने फायदे के लिए अफवाहें मत फैलाइए। हम सनातनी हैं और हम आपके जैसे लोगों को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।"जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा, "हम यहां भारत की एकता का गवाह बन रहे हैं। विभिन्न विचारों और धर्मों के लोग गंगा के किनारे एक साथ हैं। दुनिया में डर और अशांति हो सकती है, लेकिन भारत में शांति और सुख है। दुनिया युद्धों का सामना कर रही है, लेकिन भारत के पास ज्ञान है। हम अपने आध्यात्मिक मूल्यों, योग और आयुर्वेद के माध्यम से दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। दुनिया भारत की ओर समाधान के लिए देख रही है। मैं मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके प्रशासन ने उच्चतम स्तर की व्यवस्थाएं की हैं।"चिन्मयानंद बापू ने कहा, "आज का दिन बहुत ही शुभ है, सभी अखाड़े और महामंडलेश्वर संगम के लिए रवाना हो रहे हैं। बसंत पंचमी का पर्व विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, यदि वे संगम में पवित्र स्नान करते हैं तो उन्हें निश्चित ही सफलता मिलती है। मैं प्रशासन का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने इतनी अच्छी व्यवस्था की है।आज का माहौल सामान्य है।"

## बदायूं पत्नि और ससुर से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

बदायूं, । फैजगंज क्षेत्र के गांव थानपुर निवासी युवक का अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। दो दिन पहले भी उसका अपनी पत्नी और ससुर से विवाद हुआ। जिसके बाद युवक ने गांव के बाहर फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।गांव थानपुर निवासी प्रेम सिंह (30) पुत्र कुंव. रपाल का 31 जनवरी को अपनी पत्नी विनीता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों के बीच काफी देर तक कहासुनी हुई थी। विनीता ने अपने मायका पक्ष को पति से झगड़े की सूचना दे दी। मायका पक्ष एक फरवरी की शाम गांव थानुपर आया। प्रेम सिंह और उनके परिजनों से कहासुनी और अभद्रता करने लगे। ग्रामीणों ने मामला शांत कराया। ससुरालीजनों के गलत व्यवहार से आहत होकर कुछ देर बाद प्रेम सिंह जंगल की ओर गए। एक नलकूप के पास पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कानपुर में सुबह-शाम सफाई करने के आदेश के विरोध में कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन



कानपुर, कानपुर में सुबह-शाम सफाई करने के आदेश के विरोध में कर्मचारियों ने सोमवार दोपहर में नगर निगम में प्रदर्शन किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्यालय प्रांगण में नारेबाजी की और महापौर प्रमिला पांडे को ज्ञापन देते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। यूनियन के संरक्षक किशन लाल सुदर्शन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने महापौर से कहा कि नगर आयुक्त सुधीर कुमार नहीं आते जारी किया है कि जो कर्मचारी सुबह सफाई करता है। वहीं, शाम छह बजे से मुख्य मार्गो की सफाई करेगा, यह गलत है। दो शिफ्ट में यदि सफाई करनी है तो अलग-अलग कर्मचारियों को लगाया जाए। महापौर प्रमिला पांडे ने कहा की मुख्य मार्गो की सफाई के लिए मैंने भी नगर आयुक्त से मना किया है रात के समय यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो कौन जिम्मेदार होगा, महापौर ने कहा कि बंजारों की सफाई करनी होगी। अलग-अलग कर्मचारियों को लगाने के लिए नगर आयोग से बातचीत करेंगे।

### पीलीभीत बेकाबू होकर खाई में पलटी कार, फरिश्ता बनकर आई पुलिस ने बचाई युवकों की जान

माधोटांडा, एक कार अनियंत्रित होकर कटी पुलिया में गिर गई। कार में दो युवक सवार थे। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने कार में सवार दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। पूरनपुर के रहने वाले अजीत कुमार अपने दोस्त के साथ काम से पीलीभीत जा रहे थे। जमुनिया खास गांव के पास पुलिया काफी समय से कटी हुई है। कार पुलिया के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो गई और खाई में चली गई। कार में सवार दोनों युवक फंस गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंचे सिपाही अंकित शर्मा, सत्यपाल यादव ने कार सवार दोनों युवकों को बाहर निकाला। उनके मामूली चोट आई थी। उन्हें माधोटांडा सीएचसी भर्ती कराया गया है। बाद में क्रेन की मदद से कार को भी बाहर निकाला गया।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर बिजली गुल, . अधिकारियों के फूले हाथ-पैर



लखनऊ, राजधानी लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट पर बिजली गुल हो गई। लगभग 1.5 घंटे लाइट न आने से एयरपोर्ट पर अंधेरा छा गया। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। इसकी वजह से यात्रियों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। हालांकि, तकनीकी टीम ने जल्द ही बिजली व्यवस्था को फिर से बहाल कर दिया। सीसीएसआईए प्रवक्ता ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आज सुबह करीब 7:30 बजे अचानक से लाइट चली गई। इसके बाद पूरे एयरपोर्ट बिल्डिंग में अंधेरा छा गया। बिजली गुल होने की वजह से यात्रियों को आने-जाने में देरी हो गई। बिजली करीब 1.5 घंटे तक बाधित रही। इस दौरान एयरपोर्ट पर कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सब बंद हो गए।

## संभल हिंसा में पाक कनेक्शन मिलने के बाद अब इन घरों के लोगों की होगी जांच! पुलिस की बड़ी तैयारी

संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वे के विरोध में हुई हिंसा में पाकिस्तानी कने. क्शन सामने आने के बाद अब संभल पुलिस यह जानेगी कि शहर में रहने वाले लोगों के संपर्क किन प्रदेश या देशों में हैं. उन सभी का ब्योरा पुलिस रिकार्ड में दर्ज रहेगा. इसके लिए पुलिस की टीमें प्रत्येक घर तक पहुंचेंगी. जो लोग दूसरे देशों में आवागमन करते हैं. संभल हिंसा के बाद पुलिस अब ऐसे ला. `गों को तलाश में जुट गई है जो दूसरे देशों में यात्रा करते हैं. इस दौरान पुलिस की टीम घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी और उनके पासपोर्ट व वीजा का ब्योरा देखा जाएगा. उनसे यह भी पूछा जाएगा कि विदेश या दूसरे प्रदेश में आवागमन करने का उद्देश्य क्या होता है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही सर्वे शुरू कराया जाएगा. इसके लिए थानावार जिम्मेदारी दी जा रही है. संभल मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की थी हिंसादरअसल 24 नवम्बर 2024 को शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान विरोध में जबरदस्त हिंसा फैल गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई थी और 30 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए थे. इस मामले में अब तक 75 आरोपितों को जेल भेजा जा चुका है. इनमें आमिर उर्फ छोटू भी शामिल है, जिसे रविवार को पकड़ा गया. उस पर पथराव व फायरिंग का आरोप था. अब तक की जांच में सामने आ चुका कि हिंसा में पाकिस्तानी कारतूस उपयोग हुए थे. युवाओं का ब्रेनवाश करने का मामला भी सामने आया है, क्योंकि स्थानीय युवक आकिल की पाकिस्तानी मौलाना से बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसे गिरफ्तार किया जा चुका है. एएसपी संभल श्रीशचंद्र ने बताया कि ऐसे कई तथ्यों को देखते हुए शहर के सभी 33 वार्डों में रहने वाले तीन लाख से अधिक लोगों का घर-घर जाकर सत्यापन कराया जाएगा. उधर चंदौसी के मई गांव में सरकारी तालाब की भूमि पर बनी दो मजारों को रविवार को ध्वस्त कर दिया गया. शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर वंदेमातरम ने शिकायत की थी कि तंत्र-विद्या का झांसा देकर लोगों को गुमराह करने वाले व्यक्ति ने तालाब की भूमि पर कब्जा किया है. दो मजारें भी बनवा लीं, राजस्व विभाग ने मजारें ध्वस्त कर दीं. अब सँभल में घर घर लोगो का सत्यापन किया जायेगा पुलिस जल्द ही सत्यापन के कार्य को शुरू करेगी.

## मुरादाबाद डिलारी में प्रेमी युगल की बेरहमी से पिटाई, युवक की मौत.युवती की हालत नाजुक



मुरादाबाद। डिलारी इलाके में युवक-युवती की बेरहमी से की गई पिटाई में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि युवती को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने युवती के पिता को हिरासत में ले लिया है। मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच में जुट गई है।थाना डिलारी इलाके के दोलावाला में उस समय हड़कंप मच गया जब वही के रहने वाले रोहित नाम के युवक की कुछ लोगों ने लोहे की रॉड से बेरहमी के साथ पिटाई कर दी। सूत्रों के अनुसार रोहित और प्राची नाम की युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिससे युवती के परिजन खफा थे। रात में प्रेमी युगल को साथ पाकर युवती के परिजनों ने दोनों की जबरदस्त पिटाई कर दी। घायल रो. हित ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि प्राची को इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया है। युवक की मौत की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवती के आरोपी पिता जसवंत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। रोहित की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना में मृतक रोहित के परिजनों का युवती से प्रेम सम्बन्धों को नकार दिया है। वहीं मुरादाबाद पुलिस इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच करने में जुटी हुई है।

## कानपुर DM के जनसुनवाई और समाधान दिवस की शिकायतों पर तेवर सख्त

कानपुर, । बागपत से स्थानांतरित होकर आए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह जनता की समस्याओं को लेकर लगातार संवेदनशील दिख रहे हैं। रोज सुबह-सुबह औचक निरीक्षण से विभागों की नींद उड़ी है। लापरवाह कई अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन रोका जा चुका है। इसी क्रम में बाल भवन, फूलबाग में संपूर्ण समाधान दिवस में भी जिलाधिकारी के सख्त तेवर दिखाई दिए। उन्होंने न केवल जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना, अपितु उनका समयबद्ध निराकरण भी तय किया। बीते दिनों जनसुनवाई में प्रार्थी देवराज सैनी ने शिकायत की थी कि उनके घर के ऊपर पीपल के पेड़ की शाखाएं हाई टेंशन तार को छू रही हैं। पिछले कई महीनों से प्रार्थी ने केस्को ऑफिस व आलाधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाए किसी ने एक न सुनी। हाईटेंशन तार की वजह से उनकी नाबा. लिग बेटी को करंट लगने से अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इस पर जिलाधिकारी ने तुरंत केस्को अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की तो उसी दिन केस्को, वनविभाग व पंचायत राज विभाग की संयुक्त टीम गठित कर पेड़ की शाखाएं कटवा दी गईं। इधर शिकायत, उधर निस्तारणग्राम शंभुआ के सत्यनारायण सैनी के मामले में भी डीएम ने तेवर दिखाए। प्रार्थी ने सीमांकन करने के संबंध में अपनी अर्जी दी थी जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल टीम भेज कर पैमाइश करने के लिए तहसीलदार सदर व थानाध्यक्ष बिधनू को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। संयुक्त टीम ने उसी दिन मौके पर पहुंच कर पैमाइश करते हुए समस्या का समाधान कर दिया। वहीं प्रार्थी लियाकत अली ने शिकायत की कि उनके घर के सामने मैनहोल धंस गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जलकल व नगर निगम को मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण को निर्देशित किया। अधिशासी अभियंता जलकल व नगर निगम मौके पर पहुंचे और मैनहोल और सीवर को दुरुस्त कर



दिया स रात में ही सड़कों के गड्डों को बंद कराया बीते दिनों तहसील दिवस बिल्हौर में ग्राम सिधौलीं से ग्रामीण ने पेयजल मिशन के ठेकेदार और विभाग की शिकायत की। बताया कि लाखों रुपये की कीमत से बनी ग्राम पंचायत सड़कों में गड्डे खोद कर खुले छोड़ दिए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जिसके बाद जल निगम के अभियंता को 24 घण्टे की चेतावनी देकर जिलाधिकारी ने तत्काल रात में ही सड़कों के गड्डों को बंद कराया।

# सीएम ग्रिड–गूलर रोड सड़क निर्माण का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

नगर आयुक्त ने करवायी पैमाईश यशस्वी माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश शासन की नगरों में विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना मुख्यमंत्री–ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) (सी.एम. ग्रिड्स) योजनान्तर्गत अलीगढ़ नगर निगम द्वारा लगभग 1424. 77 लाख की लागत से वार्ड सं 08, 15, 26, 69 गूलर रोड पर जी०टी० रोड स्थित शहंशाह होटल की पुलिया से दे. हलीगेट चौराहे तक 2.08 मीटर लंबी सड़क निर्माण का नगर आयुक्त ने निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यदाही संस्था संबंधित फर्म पी0पी0एस0 बिल्डर्स



के साइड इंजीनियर से रोजाना नाला निर्माण के लक्ष्य व नाले की तराई के बारे में सवाल किया।नगर आयुक्त ने चीफ इंजीनियर सुरेश चंद को संबंधित फर्म से 20 मीटर के स्थान पर 50 मीटर नाले निर्माण का लक्ष्य रखा जाए साथ ही साथ निर्माण किये जा रहे नाले की रोजाना पानी की तराई कराये जाने के निर्देश दिए। मौके पर नगर आयुक्त ने फर्म के इंजीनियर से निर्माण हो रहे नाले की लंबाई चौड़ाई व गहराई की पैमाइश करवायी जो निर्धारित मानकों के अनुरूप पायी। नगर आयुक्त ने मौके पर मुख्य अभियंता को निर्माण सामाग्रीध्क्यूब टे. स्टिंग को अनिवार्य रूप से कराए जाने के लिए कहा।गूलर रोड पर निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संग अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद सहायक अभियंता राजवीर सिंह साथ थे।

## राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी 2025 में आज कृष्णांजलि मंच पर श्री अग्रसेन सेवा समिति एवं गौरव सोशल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी 2025 में आज कृष्णांजलि मंच पर श्री अग्रसेन सेवा समिति एवं गौरव सोशल एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विवेक बंसल पूर्व विधायक,महंत कौशल नाथ जी महाराज,विनय अग्रवाल अध्यक्ष, अशोक सक्सेना व गौरव अग्रवाल निदेशक द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर माल्यार्पण कर हुआ। सर्वप्रथम एयरविंग पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई,लक्ष्मी सिलाई सेंटर की बहनों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति हुई।किड्स ग्रोइंग पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के ऊपर एक नाटक की प्रस्तुति दी। डायमंड पब्लिक स्कूल की बहनों ने राधा कैसे न जले गीत की सामूहिक प्रस्तुति दी। एसआरएस पब्लिक स्कूल मलिक चौक के हरियाणवी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में अनेकों धार्मिक,देश भक्ति गीत बरसाने की छोरी,कान्हा बरसाने में आ जइयो,राधा तेरी चुनरीगीत की प्रस्तुति हुई। बहन ख्याति और पंखुड़ी द्वारा झांसी की रानी गीत की प्रस्तुति की गई। श्री अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा अलीगढ़ की प्रतिभा को निखारने के लिए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी। मुख्य अतिथि विवेक बंसल पूर्व विधायक ने कहा कि प्रत्येक बेटी को पढ़ाई करनी चाहिए जिससे वह अपना सम्मान स्वयं प्राप्त कर सके। महंत कौशल नाथ जी ने सभी को आशीष वचन दिए। राधे राधे वूमेन क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक गौरव अग्रवाल ने सभी अतिथियों को सॉल्व उड़ कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, महामंत्री आशीष अग्रवाल,



उपाध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने सभी बच्चों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में 150 छात्राओं बच्चों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा ठाकुर व हिमांशु प्रजा. पति ने किया। केंद्र संचालिका अंजली शर्मा,क्षमा बंसल,लक्ष्मी वार्ष्णेय,मीनू देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अशोक गर्ग,चंद्र मोहन मित्तल,पवन मोरनी,अनिल सेंचुरी,चेतराम सत्संगी स्कूल प्रबंधक रा. जेंद्र यादव,सुवनेश शर्मा,रामकुमार गुप्ता,मनीष ठाकुर,मनमोहनमित्तल,सिद्धार्थ मित्तल निखिल गर्ग,नितिन शर्मा आदि सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बहन निष्ठा,नीलम,योगिता,रेखा,रश्मि,निधि,गौरी,भ. ूमिका, खुशी,सुधा,अनमोल,दीपक, हर्षिक,पूर्वी,काव्या,चेतन,लाभांश,हर्ष,प्रियांशु, कनक,पूर्वी,नम, भारत,माधव,आयुष आदि बच्चों ने भाग लिया।

## कैबिनेट मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी मिलें प्रभारी मंत्री (अलीगढ़) उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया नुमाइश का शुभारंभ

अलीगढ़ राजकीय औद्योगिक कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण द्वारा किया गया जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारी सहित नागरिक सुरक्षा कोर सिविल डिफेंस के जवान मौजूद अपर जिलाधिकारी (नगर) प्रभारी अधिकारी नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ के आदेशानुसार एवं उप नियंत्रक और वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक महोदय नागरिक सुरक्षा अलीगढ़ की उपस्थित मै सिविल डिफेंस के 150 जवानों की ड्यूटी सुरक्षा व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से लगाई गई जिसमें ड्यूटी पर उपस्थित सभी जवानों ने पूर्ण मेहनत और लगन से पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नुमाइश के उद्घाटन को सकुशल संपन्न कराने में शासन व प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया।



## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में संस्कृत विभाग . के असिस्टेंट प्रोफेसर पर होगी कार्रवाई

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर पर आज कार्रवाई हो सकती है। मोदी–योगी को अपशब्द कहने के मामले में असिस्टेंट प्रोफेसर अरिमर्दन सिंह पाल पर एक्शन की तैयारी है। उनसे दो दिन में जवाब मांगा गया था। इस मामले में उनके ऊपर मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है। अरिमर्दन सिंह पाल सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के बेटे हैं।ये है मामलाजेएन मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर अरिमर्दन सिंह पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहे थे। अपशब्द कहने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद इंतजामिया ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। इसी बीच अरिर्मदन सिंह को यूनिर्वसिटी में पढ़ाने से मना कर दिया गया है।इस बारे में प्रॉक्टर प्रो. मोहम्मद वसीम अली ने कहा कि नोटिस का जवाब अरिमर्दन सिंह ने दे दिया होगा। जवाब के आधार पर कार्रवाई होगी।

## सर्वजातीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन समाज में सकारात्मक बदलाव की अनूठी पहल



अलीगढ़, समाज में वैवाहिक संस्थान की मजबूती और विवाह योग्य युवक–युवतियों को सही जीवनसाथी चुनने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्री भक्त हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज सर्वजातीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन विष्णुपुरी गृह निर्माण कन्या इंटर कॉलेज बेला मार्ग अलीगढ़ पर किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री विवेक बंसल जी व माननीय श्रीमती मुक्ता राजा जी ने दी प्रजनन कर कार्यक्रम का विधिवाद रूप से शुभारंभ किया संस्था के उपसचिव श्री विनय अग्रवाल ने बताया इस वर्ष परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में सर्व समाज के 422 लड़के व लड़कियों की आवेदन देश भर से भरे गए स हर वर्ग और जाति के युवक–युवतियों को एक–दूसरे से परिचय कराया गया, जिससे वे अपने अनुकूल जीवनसाथी चुन सकें। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवाह के क्षेत्र में आ रही समस्याओं को दूर करना, सही जोड़ीदार मिलने में सहूलियत प्रदान करना और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से मुक्त विवाह को बढ़ावा देना है। समिति का मानना है कि यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। इस वर्ष मौके पर 12 जोड़े तैयार हुए कुछ जोड़ों की आपस में बातें चल रही है जो की आज फाइनल नहीं हो पाएंगे जो भी जोड़ फरवरी मे बन जाएंगे उन सभी का विवाह मार्च में संस्था द्वारा कराया जाएगा संस्था के सचिव चंद्र मोहन मित्तल ने बताया की इस वर्ष से 'डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए एक नई व्यवस्था लागू की गई है । इस अवसर पर संरक्षक हरिशंकर अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक गर्ग कार्यक्रम संयोजक विवेक अग्रवाल गुड्डू, चौयरमेन सौरभ बालजीवन, डी.के. अग्रवाल, अनूप गुप्ता, मनीष गर्ग, डीसी गुप्ता, महिला शाखा की अध्यक्ष अकांक्षा मित्तल , मनमोहन मित्तल, गौरव अग्रवाल, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।






## फैक्ट्री में टैंक सफाई के दौरान एक मजदूर की मौत, दो की हालत गंभीर

हरदुआगंज थाना क्षेत्र के तालानगरी सेक्टर 1 स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में टैंक साफ करने घुसे दो चचेरे भाई टैंक में बनी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। जबकि टैंक के बाहर खड़ा भतीजा बाल–बाल बच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बाहर निक. ालकर अस्पताल पहुंचाया जहां एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतरौली थाना क्षेत्र के गांव अहमदपुरा निवासी 42 वर्षीय सोमवीर उर्फ टीका पुत्र हरी सिंह बाल्मीकि तालानगरी सेक्टर 1स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में काम करता था! सोमवीर ने अपने चचेरे भाई राहुल पुत्र चमन और भतीजे महेश उर्फ साका पुत्र मुकेश को फैक्ट्री में बने केमिकल वेस्ट टैंक को साफ करने के लिए बुलाया था! सोमवीर और राहुल आठ फीट गहरे टैंक में घुस गए। वे टैंक के नीचे पड़ी गंदगी को भरकर ऊपर भेज रहे थे। जबकि महेश उर्फ साका पुत्र मुकेश को फैक्ट्री में बने के. मिकल वेस्ट टैंक को साफ करने के लिए बुलाया था! सोमवीर और राहुल आठ फीट गहरे टैंक में घुस गए। वे टैंक को साफ करने के लिए बुलाया था! सोमवीर और राहुल आठ फीट गहरे टैंक में घुस गए। वे टैंक के नीचे पड़ी गंदगी को भरकर ऊपर भेज रहे थे। जबकि महेश ऊपर खड़े होकर होकर मलबा खींच रहा था।



ब्लॉक गोंडा के ग्राम बांस फतेली में लंबित प्रकरण व गॉव में व्याप्त समस्याओं का संज्ञान लेते हुए स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामवासियों से आपसी मतभेद भुलाकर गॉव के विकास के लिए समेकित रूप से कार्य करने एवं अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## कचरा उठाने में मिली बड़ी लापरवाही–दोपहर 1.30 बजे कचरा डलाव घर कचरे का पहाड़ देखकर भड़के नगर आयुक्त



अलीगढ़ नगर निगम जीवनगढ़ में सफाई व्यवस्था में मिली लापरवाही–बजबजाती नाली–सड़को पर गंदगी देख चढ़ा नगर आयुक्त का पाराजीवनगढ़ क्षेत्र में गंदगी सड़कों पर कचरा और कचरा डलाव घर पर दोपहर 1रू30 बजे तक कचरे के पहाड़ को देखकर नगर आयुक्त विनोद कुमार ने बड़ा एक्शन लेते हुए कचरा उठाने के लिए जिम्मेदार कंपनी अर्बन एनवायरोटेक पर लापरवाही बरतने पर 50000 का जुर्माना लगाया है। सोमवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव मुख्य अभियंता सुरेश चंद के साथ केला नगर चौराहे से जीवनगढ़ पुलिया तक पैदल भ्रमण करते हुए जीवनगढ़ क्षेत्र में साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जीवनगढ़ के मुख्य मार्ग और गलियों में सफाई व्यवस्था दोयम दर्जे की मिली गलियों में झाड़ू लगी नहीं थी नालियां ओवरफ्लो मिली जीवनगढ़ क्षेत्र में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन के पास दोपहर 1रू30 तक कूड़े का पहाड़ लगा हुआ मिला स्थानीय नागरिकों ने नगर आयुक्त को बताया एक बार में कूड़ा नहीं उठाया जाता कूड़े का पहाड़ पूरे दिन लगा रहता है। मौके पर नगर आयुक्त ने अर्बन कंपनी के कलेक्शन करने वाले व्यक्ति कुलदीप से दोपहर तक कचरा पड़े होने की वजह पूछी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला मौके पर कचरा पॉइंट पर प्राइवेट साइकिल रिक्शा कचरा डालते हुए मिला, जिस पर नगर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताईमौके पर नगर आयुक्त ने कचरा उठाने की व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर अर्बन एनवायरोटेक कंपनी पर 50000 का जुर्माना भी लगा दिया और उन्होंने अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को कंपनी को नोटिस देने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा कचरा उठाने की व्यवस्था में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी जीवनगढ़ क्षेत्र में अर्बन कंपनी द्वारा कचरा उठाने की व्यवस्था में लाप. रवाही निरीक्षण के दौरान देखने को मिली भविष्य में सुधार के लिए 50000 का जुर्माना लगाया गया है यदि सुधार नहीं होता है तो कंपनी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से किशोर की मौत, न शव पोस्टमार्टम को भेजा और न दी पुलिस को सूचना

गत रात्रि ईदगाह के पास जेसीबी से मिट्टी खनन का काम हो रहा था। मोहित यादव का भाई ट्रैक्टर चला रहा था और मोहित उसके साथ था। अचानक ट्रैक्टर चलाते समय मोहित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया । उसकी ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। ट्रैक्टर के नीचे दबने से किशोर की मौत हो गई। परिवार वालों ने न तो शव को पोस्टमार्टम के लिए भि. जवाया और न ही इसकी सूचना पुलिस को दी। किशोर की मौत से परिवार में मातम छा गया है।हसायन कस्बा के वनखंडेश्वर मंदिर के पास रहने वाले सत्यपाल सिंह यादव का 15 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार मिट्टी खनन के लिए ट्रैक्टर पर काम करता था। गत रात्रि ईदगाह



के पास जेसीबी से मिट्टी खनन का काम हो रहा था। मोहित यादव का भाई ट्रैक्टर चला रहा था और मोहित उसके साथ था। अचानक ट्रैक्टर चलाते समय मोहित ट्रैक्टर की चपेट में आ गया । उसकी ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई।मृतक किशोर के परिवार वालों ने न तो हादसे की सूचना पुलिस को दी और न ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भि. जवाया। मोहित की मौत से परिजनों को रो–रोकर बुरा हाल है।

## हाथरस में मानव कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा 8 फरवरी को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया

हाथरस में मानव कल्याण सामाजिक संस्था द्वारा 8 फरवरी को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में संस्था की जिला अध्यक्ष प्रगति वार्ष्णेय के सासनी स्थित आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के संस्थापक राजीव वार्ष्णेय और जिलाध्यक्ष नारायण लाल ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।जिला अध्यक्ष प्रगति वार्ष्णेय ने बताया कि सासनी से बड़ी संख्या में महिलाएं इस कार्यक्रम में भाग लेंगी। संयुक्त उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री नीरज वार्ष्णेय और सासनी के चेयरमैन राजीव वार्ष्णेय ने घोषणा की कि व्यापारियों की समस्याओं को उनके लेटर पैड पर संकलित कर पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।बैठक में मोहित अग्रवाल, अनु वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, गीता, ऋचा अग्रवाल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उपाध्याय, प्रवीण वार्ष्णेय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने



मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर विचार–विमर्श किया।

## हाथरस में यात्रियों को रोडवेज बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा

हाथरस में यात्रियों को रोडवेज बसों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। डिपो की कुल 65 बसों में से 54 बसें कुंभ मेले में भेज दी गई हैं। इस कारण स्थानीय यात्री सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।बस स्टैंड पर सुबह से ही सैकड़ों यात्रियों की भीड़ जमा रही, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें बसें नहीं मिलीं। परिणामस्वरूप, कई यात्रियों को या तो वापस लौटना पड़ा या फिर मजबूरी में डग्गेमार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए निजी वाहन चालक न केवल मनमाना किराया वसूल रहे हैं, बल्कि वाहनों में क्षमता



से अधिक यात्री भी बैठा रहे हैं।यात्री प्रदीप कुमार सेंगर को अलीगढ़ जाना था। बस न मिलने के कारण वापस लौटना पड़ा। एक अन्य यात्री प्रेम कुमार ने बताया कि स्थिति और भी जटिल हो गई है क्योंकि कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज भी नहीं हो रहा है। ऐसे में यात्रियों के पास महंगे निजी वाहनों का उपयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

## हाथरस में मौसम बदलने का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा

हाथरस में मौसम बदलने का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दिन में तेज धूप और रात में सर्दी का मौसम लोगों को बीमार कर रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।मरीजों में मुख्य रूप से खांसी, जुकाम, बुखार और सांस की समस्या की शिकायतें सामने आ रही हैं। केवल जिला अस्पताल ही नहीं, सरकारी एमडीटीबी अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई है।सर्दी से करें अपना बचावएमडीटीबी अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. एमआई आलम के अनुसार, मौसम परिवर्तन के इस दौर में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को ठंडी चीजों से दूर रहने की सलाह दी है। साथ ही, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत रखने और सर्दी से बचाव के लिए उचित कदम उठाने की सलाह दी है। चिकित्सक मरीजों का इलाज करने के साथ–साथ उन्हें बचाव के जरूरी उपाय भी बता रहे हैं।

## हाथरस में 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी .लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली

हाथरस में 60 वर्षीय बुजुर्ग ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकरी निवासी रामबाबू लाल खेती–बाड़ी से अपना जीवन यापन करते थे। उनका शव सासनी क्षेत्र के गांव चंदैया में एक खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला। बताते हैं कि कुछ समय पहले हुए एक दुर्घटना के बाद से रामबाबू की मानसिक स्थिति में गिरावट आ गई थी।आज वह वह घर से खेत जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद उनकी डेडबॉडी अपने गांव से थोड़ा दूरी पर गांव चंदैया में एक खेत में पेड़ पर लटकी हुई मिली। जब कुछ ग्रामीणों ने पेड़ पर लटका शव देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस और परि. जनों को सूचित किया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हाथरस में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में पुलिस ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा को लेकर एक विशेष अभियान चलाया

हाथरस में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में पुलिस ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा को लेकर एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले के सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ अपने–अपने क्षेत्र के बैंक, एटीएम, व्यापारिक प्रतिष्ठान और वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण किया।पुलिस टीम ने सभी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और उनकी दिशा की जांच की। साथ ही फायर अलार्म सिस्टम की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली और मौजूदा स्थिति का जायजा लिया।विशेष अभियान के दौरान बैंकों में तैनात सुरक्षाकर्मियों को विशेष निर्देश दिए गए। उन्हें ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया। यह अभियान वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा के मानकों को मजबूत करने और अपराधों की रोकथाम के लिए चलाया गया।

## शहर के प्रमुख मंदिर मां नगरकोट पर धूमधाम के साथ हुआ 28 वे वार्षिक उत्सव का आयोजन

हाथरस। हर वर्ष की हर वर्ष की भांति बसंत उत्सव के मौके पर शहर के वरिष्ठ समाजसेवीध्वरिष्ठ भाजपा नेता पं अजय रावत द्वारा आगरा अलीगढ़ मार्ग स्थित रावत कॉलोनी में मां नगरकोट कांगड़ा मंदिर पर 28 वाँ वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से परिवार सहित मनाया गया। इस अवसर पर रावत परिवार मां नगरक. ोट कांगड़ा मंदिर का विशाल फूलबंगला व लाइट से सजाया गया। जिसमें आचार्य पंडित राम मोहन द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से और पूजा अर्चना कर मंदिर पर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें जनपद की सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सदर विधायिका अंजुला माहौर व पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेपी गौरव आर्य का दा बर्गर कंपनी ओम शीला इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर आयुष रावत ने अंगवस्त्र पहनाकर जोशीला स्वागत किया। जिनके साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमुख समा. जसेवी अजय रावत प्रदेश मंत्री भाजपा (स0 मं0) सहित अन्य लोग साथ रहे। गुप्त नवदुर्गों के उपलक्ष में कन्या लंगूरों को भी जिमाया गया। और पूरे दिन प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर विधायक अंजुला माहौर, बीजेपी पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव आर्य, मंडल अध्यक्ष रूहेरी प्रदीप शर्मा, मंडल महामंत्री विवेक रावत , जिला



उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी, पूर्व जिला मंत्री अनिल जादौन , पूर्व मंडल अध्यक्ष रूहेरी शिवदेव दीक्षित, मनोज रावत नीरज रावत,विजय सिंह थाना प्रभारी थाना हाथरस गेट, धीरेंद्र , मंडी इंचार्ज , बीजेपी जिल महामंत्री किसान मोर्च डॉ. योगेन्द्र सिंह गहलौत आयुष रावत एड0 स्नेहा रावत वंदन रावत, आरची रावत राधिका रावत राहुल रावत पूजा रावत कृ ष्णा रावत आकाश रावत,राजीव रावत आदि मौजूद थे।

## जहरीले धुंआ की वजह से ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार, पुलिस से लगाई गुहार

हाथरस। जनपद के थाना कोतवाली हसायन क्षेत्र के गांव असोई के पास सड़क किनारे खेतों में अनावश्यक तत्वों को जलाने का मामला सामने आया है, जिससे उठने वाले बदबूदार और जहरीले धुएं ने राहगीरों और ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है. लगातार उठ रहे इस धुएं से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं.ग्रामीणों को आशंका है कि यह धुआं हानिकारक बीमारियों को जन्म दे सकता है। स्थिति को गंभीर होता देख ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया और इलाका पुलिस को इसकी सूचना दी.पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से खेतों में कुछ अनजान तत्व जलाए जा रहे हैं, जिससे पूरे इलाके में जहरीली गंध फैल रही है।



गांव के एक स्थानीय निवासी ने कहा, यह धुआं बेहद जहरीला है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो रहा है.इससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ रही है। प्रशासन को जल्द से जल्द इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, एक अन्य ग्रामीण ने बताया, "अगर प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो हम बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अधिकारियों का कहना है कि अगर इस धुएं में कोई हानिकारक रासायनिक तत्व मिले, तो संबंधित लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह धुआं सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, बल्कि उनकी सेहत के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है.

## थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने पाने क्षेत्र . के बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठान, एटीएम आदि वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षार्थ चलाया विशेष चौकिंग अभियान

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में बैंक, ए0टी0एम0, व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा अन्य वित्तीय संस्थानों के सुरक्षार्थ विशेष चौकिंग अभियान चलाया गया । जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी मय पुलिस फोर्स के अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंक, ए0टी0एम0, व्यापारिक प्रतिष्ठान, वित्तीय संस्थाओं एवं लेन–देन के महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचे तथा पुलिस द्वारा बैंकों,



ए0टी0एम0 आदि पर जाकर ब्ब्ट कैम. रों की दिशा एवं दशा, फायर अलार्म सिस्टम चौंक किये तथा सभी प्रबन्धकों से सकुशलता जानी गयी । पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये

# कासगंज जिले की तीर्थ नगरी सोरों में बसंत पंचमी का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया

कासगंज जिले की तीर्थ नगरी सोरों में बसंत पंचमी का पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। भगवान वराह मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जहां भक्तों ने भगवान के साथ होली का आनंद लिया। मंदिर के सेवायत नरेश त्रिगुणायत ने भगवान वराह का पीतांबरी वस्त्रों से विशेष श्रृंगार किया। मोहन भोग एवं पान का प्रसाद अर्पित किया। परंपरा के अनुसार, सर्वप्रथम भगवान वराह को रंग लगाया गया। जिसके बाद सेवायत ने श्रद्धालुओं पर पिचकारी से रंग डालकर होली का शुभारंभ किया।मंदिर प्रांगण में महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी एक–दूसरे पर अबीर–गुलाल लगाते नजर आए। होली के गीतों और भजनों की धुन पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान सिटी आंचल चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। जिससे सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही।सेवायत नरेश त्रिगुणायत ने बताया कि बसंत पंचमी महोत्सव की शुरुआत तीर्थ नगरी सोरों के शूकर क्षेत्र से होती है। इस दिन भगवान वराह को पीले



वस्त्र और आभूषण पहनाए जाते हैं। यहां से होली महोत्सव का शुभारंभ होने के बाद समूचे ब्रज क्षेत्र में होली की धूम मच जाती है।

# कासगंज के लोंगो को अब मिल सकती हैं नई राहत कासगंज बस स्टैंड के अलावा एक और नया बन सकता हैं बस स्टैंड

कासगंज शहर में बने बस स्टैंड पर यात्रियों की संख्या अधिक रहने से दिक. कतें होती हैं। वहीं बस स्टैंड के बाहर जाम की स्थिति रहती है। जिससे निजात दिलाने को बाईपास के समीप एक और नया बस स्टैंड बनाए जाने की माँग हो रही है। जिसके लिए निगम ने पुलिस लाइन के समीप जमीन देखी है। तहसील स्तर से जमीन मिलने के बाद निगम को बस स्टैंड के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।परिवहन निगम के द्वारा यात्रियों को सुहावना सफर कराने के लिए लगातार बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। बसों की संख्या अधिक होने पर शहर के अंदर सर्कुलर रोड पर बने




बस स्टैंड पर जगह पर्याप्त नहीं रहेगी। जिसके चलते नए बस स्टैंड को बनाने के लिए जमीन पुलिस लाइन के समीप तलाश की गई है। जिसके लिए तहसील प्रशासन को जानकारी दी गई है। वहां से जमीन यदि निगम हस्तांरित हो जाती है तो निगम को बस स्टैंड के बनाने लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। अभी इसके लिए कवायद जारी है।

# कासगंज घर में बन रही थी चाय, तभी अचानक सिलेंडर में लग गई आग, एक झुलसा

ढोलना, ढोलना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। गृहस्वामी ने हिम्मत कर सिलेंडर को घर के बाहर निकाला, जिससे घर में बढ़ी आग लगने से बच गई और परिजन भी बच गए। बचाव के प्रयास में गृह स्वामी झुलस गया। हादसा गैस चूल्हे पर चाय बनाते समय हुआ। ग्राम फिरोजपुर निवासी में चंद्रपाल पुत्र चरन सिंह की पत्नी सोमवार की सुबह घर में चाय बना रही थी, तभी अचानक सिलेंडर के रेगूलेटर में आग लग गई। आग लगते ही परिजन जान बचाने के लिए चीख पुकार करते हुए घर के बाहर निकल गए। सिलेंडर के पास कुछ कपड़े रखे थे, वह भी जल गए। गृह स्वामी चंद्रपाल ने हिम्मत दिखाई और जलते हुए सिलेंडर को घर के बाहर निकाल दिया और घर में कपड़ों में लगी आग को बुझाया। चीख पुकार पर सुनकर अन्य लोग भी एकत्रित हो गए। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर सिलेंडर पर लगी आग को गीला बोरा डालकर बुझाया, जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। चंद्रपाल ने बताया कि अभी 9 दिन पूर्व ही सिलेंडर लिया था। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसका उपचार किया।

# गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में इंसानियत . को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई

गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में इंसानियत को शर्मसार घटना यहां एक युवक ने दो मासूम बच्चों को सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।कस्बा गंजडुंडवारा के निकट स्थित एक गांव के परिजन पीड़ित दो बच्चों को लेकर कोतवाली पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसके गांव में घर के पड़ोस में ही रहने वाले व्यक्ति मुशीर ने उसके 8 वर्षीय पुत्र व साले के 11 वर्षीय पुत्र के साथ गंदा काम किया है।परिजन ने बताया बच्चों ने उन्हे सोमवार को जानकारी दी है कि वह 26 जनवरी से पूर्व घर के पास स्थित एक मैदान में खेल रहे थे, तभी वहां मौजूद पड़ोस के रहने वाले मुशीर ने पैसों का लालच दिया। उन्हे अन्दर कमरे में ले गया और उनके साथ अपकृ तिक कृत्य किया। घटना से वे डर–सहम गए। इसलिए किसी को कुछ न बताया। बच्चों को गुमसुम देखकर परिजन ने पूछताछ की तो उन्होंने घटना के बारे में जानकारी दी। पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एक गांव के दो बच्चों के अप्राकृतिक यौनाचार किए जाने की शिकायत मिली है। मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पटियाली रोड पर सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव बिनामऊ के पास एक सड़क हादसा हुआ

कासगंज  क्षेत्र के गांव चाड़ी निवासी 19 वर्षीय गौरव पुत्र दिनेशचंद्र और उसका साथी 19 वर्षीय शिवम पुत्र जसवीर ममोनी गांव में दावत खाकर वापस आ रहे थे। गांव बिनामऊ के पास उनकी बाइक की टक्कर 34 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र रामसेवक निवासी थाना दरियागंज, पटियाली से हुई। टक्कर के बाद तीनों ही सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने गौरव को रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के बाद राहगीर एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी स्थिति गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में गौरव को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बाकी दो घायल, शिवम और शैलेंद्र, को अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। सिढ़पुरा थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि तीनों वाहन पुलिस के कब्जे में हैं, लेकिन ट्रक चालक मौके से फरार है। मृतक के परिजनों से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एटा जिले में एक विधवा महिला ने अपने सास–ससुर और देवर पर गंभीर आरोप

एटा जिले में एक विधवा महिला ने अपने सास–ससुर और देवर पर गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। कासिमपुर गांव की रहने वाली कुसुमा देवी ने बताया कि उनके पति दिलीप कुमार का दो साल पहले 2021 में निधन हो गया था। इसके बाद से उनके ससुराल वालों ने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।घर से बाहर निकालने का प्रयास कियापीड़िता ने बताया कि उनकी शादी चौदह वर्ष पूर्व हुई थी। पति की मृत्यु के बाद से ससुर कृष्णपाल सिंह, सास कुसुमा और देवर अमित उन पर अत्याचार कर रहे हैं। आरोप है कि ससुराल वालों ने उन्हें मारपीट कर जबरन घर से बाहर निकालने का प्रयास किया है।एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए महिला को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पीड़िता को न्याय दिलाने में कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के सरनऊ गांव में बिजली के खंभे में करंट दौड़ने से एक दर्दनाक हादसा हो गया

एटा जिले के मिरहची थाना क्षेत्र के सरनऊ गांव में बिजली के खंभे में करंट दौड़ने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। दिल्ली से गांव आई 18 वर्षीय ज्योति बुरी तरह झुलस गई। घटना दोपहर की है, जब वह अपने भाई के साथ बाइक से घर जा रही थी।विद्युत विभाग की लाप. रवाही सामने आईसकरी गली में रास्ता क्रॉस करते समय बिजली के खंभे के संपर्क में आने से ज्योति गंभीर रूप से झुलस गई। उसका 20 वर्षीय भाई ऋतिक भी करंट की चपेट में आकर बे. होश हो गया। घायल युवती को तत्काल एटा स्थित जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।ग्राम प्रधान अरविंद कुमार यादव ने बताया कि ज्योति कुछ दिन पहले ही दिल्ली से गांव आई थी। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। सकरी गली में आवागमन के दौरान बिजली के खंभे से लगातार करंट प्रवाहित होने की समस्या बनी हुई थी, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया।

# एटा में 8 मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के निर्देश



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के आदेशानुसार जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025, दिन शनिवार को किया जाएगा। इस संबंध में 3 फरवरी 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, एटा विकास गुप्ता ने की, जबकि कमालुद्दीन, अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा की उपस्थिति में यह बैठक सायं 4रू30 बजे विश्राम कक्ष, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा में संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटधसिविल जज मौजूद रहे, जिन्हें आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनके त्वरित निस्. तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार–ग्, अनिल कुमार–टप्प, मंगल देव सिंह, श्रीमती सुरेखा, श्रीमती आंचल राना, युगल चंद्र चौधरी, अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित मणि त्रिपाठी आशुतोष खरवार, अभिषेक कुमार, रजत शाहू, श्रीमती मेहा, चारू सिंह, अर्पित त्यागी, सुश्री गरिमा आर्य, सचिन कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट एटा, और योगेश कुमार, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एटा समेत अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमांपुर मार्ग पर फरौली नहर के पास लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी

कासगंज अमांपुर मार्ग पर फरौली नहर के पास लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे 17 वर्षीय छात्र आजाद की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसका साथी सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।सहावर क्षेत्र के गांव सैती निवासी आजाद (17) पुत्र बृजनंदन जो कि हाईस्कूल का छात्र था, रविवार शाम करीब 6 बजे अपने दोस्त सौरभ (20) पुत्र रामनारायण के साथ सहावर कस्बे में एक दावत में शामिल होकर घर लौट रहा था।जब दोनों फरौली नहर के पास पहुंचे, तो वे सड़क किनारे खड़े होकर अपने तीसरे साथी का इंतजार करने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोग पहुंचे मदद कोघटना होते ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना



दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सहावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।आजाद की मौत, सौरभ का इलाज जारीजिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने आजाद को मृत घोषित कर दिया, जबकि सौरभ का इलाज जारी है।परिवार में मचा कोहर. ाममृतक आजाद के परिजनों ने बताया कि वह सहावर के श्री गांधी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था और अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। बेटे की मौत से मां मुन्नी देवी बदहवास हो गई हैं।पुलिस ने ट्रैक्टर और चालक को लिया कब्जे मेंसहावर थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया कि ट्रैक्टर और उसके चालक को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। अभी तक परि. जनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –

अमित कुमार वर्मा –संम्पादक

मौः–8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
**हिंन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक–अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा